**पत्र सूचना शाखा**

**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०**

**(राज्यपाल सूचना परिसर)**

**-------**

**राज्यपाल ने बड़ालालपुर स्थित डॉ0 भीमराव आम्बेडकर क्रीड़ा संकुल में आयोजित जनपद स्तरीय पीएमश्री वार्षिकोत्सव खेलकूद एवं साँस्कृतिक प्रतियोगिता कार्यक्रम को किया संबोधित**

**-------**

**मिशन शक्ति मेला एवं मीना मंच का हुआ आयोजन**

**-------**

**राज्यपाल ने मोटापा के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए खाद्य तेल के उपयोग को दस प्रतिशत तक कम करने पर दिया जोर**

**-------**

**राज्यपाल ने स्कूलों में बॉडी मेजरमेंट इंडेक्स (बी0एम0आई0) को जोड़ने पर दिया जोर**

**-------**

**राज्यपाल के समक्ष विद्यार्थियों द्वारा 100 मीटर रेस की भी प्रस्तुति दी गयी**

**-------**

**जो खेलेगा-वो खिलेगा, खेलते रहिए-खिलते रहिए**

**-------**

**व्यायाम करने से सभी बीमारियाँ दूर होती हैं**

**-राज्यपाल, श्रीमती आनंदीबेन पटेल**

**-------**

**लखनऊ : 11 मार्च, 2025**

प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि बीमारियों को दूर करना है तो खेल के मैदान में जाइए और खेलिए। एक्साइज से खाना पचता है, तो उससे लहू बनता है। स्कूल में खेलने का टाइम टेबल बनना चाहिए और रोजाना खेलना चाहिए। आई0सी0सी0 चैंपियनशिप का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारी टीम सबको हरा कर आई हैं। यह रोजाना अभ्यास से ही संभव है।

राज्यपाल जी मंगलवार को बड़ालालपुर स्थित डॉ भीमराव अम्बेडकर क्रीड़ा संकुल में आयोजित जनपद स्तरीय पीएमश्री वार्षिकोत्सव खेलकूद एवं साँस्कृतिक प्रतियोगिता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छात्र-छात्राओं, खिलाड़ियों को संबोधित कर रही थी। उन्होंने विजयी प्रतिभागियों समेत सभी बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालयों में आयोजित हो रहे खेल प्रतियोगिताओं से बच्चे हिस्ट-पुष्ट होंगे। व्यायाम करने से सभी बीमारियाँ दूर होती हैं, खाना पचाने में भी इसकी बड़ी भूमिका है, जिससे शरीर में लहू बनता है तथा शरीर मजबूत होता है। हम प्रतिदिन खेलों में प्रतिभाग करें। उन्होंने मोटापा के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए खाने के तेल के उपयोग को दस प्रतिशत तक कम करने पर जोर दिया। स्कूलों में बॉडी मेजरमेंट इंडेक्स को भी जोड़ने को कहा ताकि बच्चों के स्वास्थ्य की सही जानकारी हो सके। उन्होंने बच्चियों को मजबूत होने को कहा ताकि वे किसी भी परिस्थिति का डटकर मुकाबला कर सकें। उन्होंने सभी को टीम वर्क की भावना से कार्य करने पर जोर देते हुए कहा कि इससे आगे चलकर हम आत्मनिर्भर बन सकते हैं। खेल की दुनिया में भी हम नये नवाचार कर सकते हैं, ताकि विश्व को हम नया रास्ता भी दिखा सकें। उन्होंने कहा कि अगर खेल की दुनिया में आगे बढ़ना है तो अपनी दिनचर्या को उस अनुरूप ढ़ालना होगा तभी आप जीवन में आगे निकल सकते हैं। उन्होंने अपने बचपन को याद करते हुए कहा कि वो भी दौड़ में अव्वल रही हैं। प्रतियोगिता में शामिल छात्र खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि छुट्टियों के दौरान खेल में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी प्राप्त करने वाले ट्रेनिंग लें, ताकि और अच्छा प्रदर्शन कर सकें। राज्यपाल जी ने जोर देते हुए कहा कि ल़डकियों को खेलों की तरफ और ज्यादा अग्रसर होना चाहिये, जिससे वो अपने को उचित खानपान से फिजिकली फिट रख सकें और भविष्य में स्वस्थ बच्चे को जन्म दे सकें। प्राईमरी शिक्षा में बच्चियों के मेडिकल चेकअप को बढ़ावा देने के लिए लगातार अभियान चलाने हेतु भी जिलाधिकारी तथा मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया। जिससे बच्चियों का उचित विकास हो सके। उन्होंने समाज में मौजूद बेटा-बेटी भेदभाव को आड़े हाथों लेते हुए बेटियों को आगे लाने हेतु सभी सम्भव प्रयास करने को कहा। उन्होंने सर्वांगीण विकास पर विशेष जोर दिया। बच्चों से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि खेलते रहिए खिलते रहिए।

राज्यपाल जी द्वारा प्रतियोगिताओं में विजयी रहे प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। प्रथम स्थान कंपोजिट विद्यालय पिंडरा, द्वितीय स्थान कंपोजिट विद्यालय सेवापुरी तथा तृतीय

स्थान कंपोजिट विद्यालय सारनाथ को मिला। 100 मीटर रेस में पुरुष वर्ग में शुभम पटेल को प्रथम तथा महिला कटेगरी में सील यादव को प्रथम स्थान मिला। श्रीमती परमा विश्वास को मिशन शक्ति की जिला स्तरीय प्रतियोगिता का विजेता घोषित किया गया है।

सदस्य विधान परिषद धर्मेंद्र सिंह ने कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि लगातार छोटे-छोटे कार्यक्रमों में राज्यपाल की उपस्थिति हम सभी में नयी ऊर्जा का संचार कर रही है। काशी को प्रधानमंत्री, राज्यपाल तथा मुख्यमंत्री द्वारा लगातार सानिध्य मिल रहा है, यह अपने आप में गौरव की बात है।

सदस्य विधान परिषद हंसराज विश्वकर्मा ने लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि खेलो इंडिया, फिट इंडिया, पीएम श्री खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन से गांवों में छिपी प्रतिभाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिला है तथा इससे इनको एक नया मंच भी मिल रहा है। उन्होंने राज्यपाल के प्रति लगातार वाराणसी को सानिध्य देने के लिए कृतज्ञता भी अर्पित की।

मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल ने कहा कि राज्यपाल जी के प्रयासों से लगातार वाराणसी के प्राथमिक तथा कंपोजिट विद्यालयों में छात्रों की सुविधा हेतु नित नये प्रयास किये जा रहे हैं। विद्यालयो में निपुण भारत तथा विद्यालयों में कम्प्यूटर लैब, बच्चों को पोषण युक्त खाद्य पदार्थ समेत विभिन्न योजनाओं से उनको सुदृढ़ किया गया।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी एस. राजलिंगम, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 अरविन्द पाठक, जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधिगण सहित छात्र-छात्राएं, अध्यापक, कोच आदि अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

----------

संपर्क सूत्र:
डॉ0 संगीता चौधरी
सूचना अधिकारी, राजभवन
मो0: 9161668080

जनपद स्तरीय पी0 एम0 श्री वार्षिकोत्सव

जनपद स्तरीय पी0 एम0 श्री वार्षिकोत्सव

जनपद स्तरीय पी0 एम0 श्री वार्षिकोत्सव

जनपद स्तरीय पी0 एम0 श्री वार्षिकोत्सव
खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता 2024-2025
स्थान - डॉ. भीमराव अम्बेडकर क्रीड़ा संकुल बड़ालालपुर, वाराणसी
दिनांक - 11 मार्च 2025, दिन - मंगलवार